NBT
नवभारत टाइम्स

13 क्विंटल नकली आटा जब्त, मिला रहे थे पत्थर का पाउडर, पथरी बना देगी ऐसी रोटी, 5 सेकंड में करें नकली आटे की जांच

मिलावटी और नकली तरीके से बनाई खाने-पीनी की चीजों के सेवन सेहत को कई गभीर बीमारियां और जान का खतरा भी हो सकती है। दुर्भाग्यवश भारत में खाने-पीने की लगभग सभी चीजों में मिलावट की जाती है। व्यापारी ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए आटा, चावल, तेल, डाल, दूध, चीनी, फल, सब्जी और मसाले लगभग चीजों में मिलावट कर रहे हैं या उन्हें नकली तरीके से बना रहे हैं।

ताजा मामला अलीगढ़ का है, जहां अधिकारीयों ने मिलावटी 3 क्विंटल पैक्ड आटा सील किया है। हैरानी की बात यह है कि यह फैक्ट्री बिना लाइसेंस के चल रही थी। इस फैक्ट्री में पंचवटी गोल्ड नाम की पैकिंग में गेहूं का आटा बनता है। इस आटे में सेलखड़ी मिलाया जा रहा था। सेलखड़ी एक तरह का सफेद पत्थर होता है जिसे पीसकर आटे में मिलाया जाता है।

खाने-पीने की चीजों की गुणवत्ता पर नजर रखने वाली देश की सबसे बड़ी एफएसएसएआई (FSSAI) के नियमों की धज्जियां उड़ाना ऐसे व्यापारियों का धंधा बन चुका है। ऐसे लोगों को किसी की जान की परवाह नहीं है। चलिए जानते हैं कि आपके आटे को किस तरह जहर बनाया जा रहा है और इससे आपकी साहत को क्या नुकसान हो सकते हैं और आप आटे में मिलावट की कैसे पहचान कर सकते हैं।

Source: https://navbharattimes.indiatimes.com/lifestyle/health/how-to-check-quality-of-wheat-flour-at-home-fssai-told-easy-test-to-check-adulteration-in-wheat-flour/articleshow/112030951.cms?story=1